an>

Title: Regarding unemployment in Mumbai due to shifting of industrial units from Mumbai to other parts of country.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : महोदया, मैं आज थोड़ा सा व्यथित हूँ। मुंबई शहर की रचना आप जानती हैं कि दक्षिण की तरफ वह बहुत ही नैरो बैंन्डिड होती जाती है। मुंबई में यातायात की इतनी समस्याएं खड़ी हो रही हैं कि पूछिए मत। वहां गाड़ियों की संख्या बढ़ रही है। चुनाव के पूर्व हम लोगों ने जनता को वचन दिया था कि हम वहाँ कोस्टल रोड बनाएंगे। अब सबसे बड़ी बात यह है कि हमारी मुंबई महानगरपालिका ने इस कोस्टल रोड का खर्चा करने की जिम्मेदारी ली। मुंबई महानगरपालिका ने कहा है कि यह सारा खर्चा हम उठायेंगे। वÂ◌ार्न 2010 में यह सरकार थी, तब यह प्रस्ताव दिया, राज्य की सरकार ने उसकी सिफारिश की, उसके बाद भी हमारी सरकार आने के बाद, पिछले एक वÂ◌ार्न से प्रस्ताव आपके पास पड़ा है। अपने एनवायरनमेंट मिनिस्ट्री की तरफ से एक छोटी-सी शिथिलता की आवश्यकता थी। खासकर, सी.आर.जेड. का जो कानून है, उसमें थोड़ी-सी शिथिलता लाने की आवश्यकता थी, उसके कारण यह प्रस्ताव अभी भी रुका हुआ है।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि सी.आर.जेड. जोन की जो थोड़ी-सी शिथिलता लानी है, जो रिलैक्सैशन लाना है, वह जल्द से जल्द लायें। मुंबई की जनता परेशान है, वहां की समस्याओं से और गाड़ियों की ट्रैफिक जाम से उनको राहत दिला दें। मैं आपके माध्यम से यह प्रार्थना सरकार से करता हूं।

HON. SPEAKER: S/Shri Rahul Shewale, Shrirang Appa Barne and Poonam Majahan are permitted to associate with the issue raised by Shri Arvind Sawant.

Dr. Udit Raj – not present. Now, Shri E. Ahamed.